दिन–रविवार दिनांक– 04/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत दो हजार छत्तीस में ओलिंपिक खेलों की मेज़बानी का प्रबल दावेदार है। आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी में राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का ऑनलाइन उद्‌घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह के बाद से, खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि भारत को अपने युवा खिलाड़ियों पर गर्व है जो देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वही सफल हो सकता है, जो अपनी ज़िम्मेदारी को गंभीरता से ले और देश इसी भावना के साथ आगे बढ़ रहा है।

———————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा भ्रष्टाचार का एक पर्याय बन चुका था, जहां श्रमिकों को दरकिनार करके उनका शोषण किया जाता था। श्री सिंह ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कांग्रेस विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन क़ानून को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि विशाल बजट के बावजूद, मनरेगा ने किसी स्थायी संपत्ति सृजन या गांवों के दीर्घकालिक विकास को बढावा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी क़ानून श्रमिकों के हित में है क्योंकि इसमें बढे हुए भुगतान, बेरोजगारी भत्ते और सौ दिनों की तुलना में एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की गारंटी दी गई है। श्री चौहान ने कहा कि इनसे श्रमिकों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और वे गांवों में सार्थक योगदान भी दे सकेंगे। श्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण रोजगार के बजट में काफी वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि आगामी वित्त वर्ष में डेढ लाख करोड़ रूपये से अधिक के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। इसमें से पचानवें हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि केन्द्र सरकार देगी।

———————————————————————————

विदेश मंत्रालय ने हालिया घटनाक्रमों को देखते हुए भारतीय नागरिकों से वेनेजुएला की सभी गैर–जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह जारी की है। वेनेजुएला में मौजूद सभी भारतीयों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अपनी गतिविधियों को सीमित करने और कराकस स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी गई है।

———————————————————————————————

आईआरसीटीसी घोटाले में लालू प्रसाद यादव ने ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोप तय किए जाने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनकी याचिका पर कल दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा की एकल पीठ सुनवाई करेगी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अक्टूबर दो हजार पच्चीस में इस घोटालें में लालू यादव के खिलाफ आरोप तय किए थे। ट्रायल कोर्ट का मानना था कि प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, जिसके आधार पर मुकदमा चलाया जा सकता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि जाँच एजेंसियों ने सभी सबूतों के साथ लालू यादव और उनके परिवार के खिलाफ अपना पक्ष न्यायालय के सामने पेश किया है। उन्होंने कहा कि अदालत अब जो भी आदेश देगा, उसे सभी को मानना होगा।

———————————————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उत्तरी, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ जगहों पर शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। वहीं, आज सुबह प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर घने कुहासे का असर देखा जा रहा है। पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में सबसे कम न्यूनतम दृश्यता पचास मीटर दर्ज की गई। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान आठ दशमलव दो डिग्री सेल्सियस छपरा में दर्ज किया गया। विभाग ने अगले दो से तीन दिनों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों में मध्यम से घना कुहासा छाये रहने की संभावना जताई है। अगले पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है।

इधर, घने कोहरे के चलते दृश्यता कम होने के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से

काफी देर से चल रही हैं। वहीं, पटना, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई उड़ानों को रिशेड्यूल किया गया है।

समाप्त